सत्यमेव जयते
Department of Science and Technology (DST)
DST

Structured Yoga Module for Diabetes

मधुमेह के लिए संरचित योग कार्यक्रम

by

Dr. Puneet Misra, Professor, CCM, AIIMS New Delhi

An initiative of

Centre for Community Medicine (CCM), AIIMS, New Delhi

Edited by **Dr. Puneet Misra, Professor,** CCM, AIIMS
Dr. Rashmi Sharma, Scientist F, DST, Govt of India

Booklet released by Dept. of Science & Technology, Govt of India
for public use after being tested & found effective by team of experts from
All India Institute of Medical Sciences (AIIMS), New Delhi

सत्यमेव जयते
Department of Science and Technology (DST)
DST

Structured Yoga Module for Diabetes

मधुमेह के लिए संरचित योग कार्यक्रम

by

Dr. Puneet Misra, Professor, CCM, AIIMS New Delhi

An initiative of

Centre for Community Medicine (CCM), AIIMS, New Delhi

Edited by **Dr. Puneet Misra, Professor,** CCM, AIIMS
Dr. Rashmi Sharma, Scientist F, DST, Govt of India

Booklet released by Dept. of Science & Technology, Govt of India
for public use after being tested & found effective by team of experts from
All India Institute of Medical Sciences (AIIMS), New Delhi

December 2024



**“Yoga is a symbol of universal aspiration for health and wellbeing.
It is health assurance in zero budget”**

- Hon’ble Prime Minister Shri Narendra Modi

Photo courtesy - https://www.pmindia.gov.in/wp-content/uploads/2024/06/H20240621161380.jpg
Quote courtesy - https://x.com/moayush/status/1667009184334856194

डॉ0 जितेन्द्र सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार),
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय;
राज्य मंत्री, प्रधान मंत्री कार्यालय;
राज्य मंत्री कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय;
राज्य मंत्री परमाणु ऊर्जा विभाग; तथा
राज्य मंत्री अंतरिक्ष विभाग
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

Dr. JITENDRA SINGH
Minister of State (Independent Charge)
Ministry of Science and Technology;
Minister of State (Independent Charge)
Ministry of Earth Sciences;
Minister of State in the Prime Minister's Office;
Minister of State in the Ministry of Personnel,
Public Grievances and Pensions;
Minister of State in the Department of Atomic Energy; and
Minister of State in the Department of Space
Government of India

संदेश

मधुमेह एक बढ़ती हुई महामारी है तथा विश्व भर में मृत्यु दर और रुग्णता का प्रमुख कारण है, जिसके परिणामस्वरुप उपचार की लागत बढ़ रही है। अकेले वर्ष 2021 में, विश्वभर में 67 लाख से अधिक मौतें मधुमेह के कारण हुईं। भारत में मधुमेह से पीड़ित लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए यह गंभीर चिंता का विषय बन गया है, जिसके लिए स्थायी प्रबंधन कार्यप्रणाली की आवश्यकता है।

भारत में योगाभ्यास 5000 वर्षों से अधिक समय से किया जा रहा है और इसे मधुमेह सहित स्वास्थ्य की जीवनशैली के रूप में व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है। मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली को दी गई वित्तीय सहायता के परिणामस्वरूप समुदाय में मधुमेह प्रबंधन के लिए योग का संरचित मॉड्यूल विकसित किया गया है। ब्लड शुगर और लिपिड प्रोफाइल पर इस मॉड्यूल के होने वाले प्रभाव के लिए सामुदायिक संस्थापनाओं में परीक्षण किया गया और इसे प्रभावी पाया गया। इस अध्ययन को विशेषज्ञ समीक्षित एक वैज्ञानिक जर्नल में प्रकाशित किया गया है।

जहां तक जन साधारण तक पहुंच का संबंध है, यह मॉड्यूल पुस्तिका के रूप में अब वयस्कों में होने वाले मधुमेह के मामलों में जन साधारण की सुविधा हेतु उपलब्ध होगा। मैं प्रोफेसर डॉ. पुनीत मिश्रा, सामुदायिक चिकित्सा, एम्स, नई दिल्ली और उनकी टीम को उनके नेतृत्व में योग की भूमिका को सफलतापूर्वक प्रदर्शित करने के लिए बधाई देता हूं। साथ ही, प्रोफेसर अभय करंदीकर, सचिव, डीएसटी और एसएचआरआई प्रकोष्ठ की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा के नेतृत्वाधीन प्राचीन ज्ञान के प्रमाणीकरण में सहयोग हेतु विज्ञान और विरासत अनुसंधान पहल (एसएचआरआई) प्रकोष्ठ की पूरी टीम को मेरी शुभकामनाएं।

(डॉ. जितेन्द्र सिंह)
एम.बी.बी.एस. (स्टेन्ली चेन्नई)
एम.डी. मेडिसिन, फेलोशिप (एम्स, एन.डी.एल.)
एम.एन.ए.एम.एस. डायबिटीज एण्ड एंडोक्रिनोलॉजी
एफआईसीपी (फैलो, इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियन)

Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg,
New Delhi-110 001
Tel. : 011-23321681, 23714230,

Prithvi Bhawan, Lodhi Road,
Opp. India Habitate Centre,
New Delhi-110003
Tel. : 011-24629788, 24629789

South Block, New Delhi-110011
Tel. : 011-23010191, Fax : 011-23017931
North Block, New Delhi-110011
Tel. : 011-23092475, Fax : 011-23092716

सत्यमेव जयते
प्रो. अभय करंदीकर
Prof. Abhay Karandikar

सचिव
भारत सरकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
Secretary
Government of India
Ministry of Science and Technology
Department of Science and Technology

27 नवंबर,2024

संदेश

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रस्ताव के परिणामस्वरूप संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किए जाने के उपरांत दुनिया भर में योग और ध्यान का प्रचलन काफी बढ़ गया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार ने योग और ध्यान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने और स्वस्थ अथवा रोगग्रस्त लोगों के शारीरिक, मानसिक और समग्र कल्याण के लिए इसकी पुष्टीकरण हेतु 'योग और ध्यान में विज्ञान और प्रौद्योगिकी (सत्यम)' कार्यक्रम शुरू किया है।

प्रोफेसर पुनीत मिश्रा, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र, एम्स, नई दिल्ली के नेतृत्वाधीन परियोजना "सामुदायिक परिवेश में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, तनाव और स्वास्थ्य पर संरचित योग कार्यक्रम का प्रभाव, इसकी व्यवहार्यता और दीर्घकालिक स्थिरता" विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सहायित है। इस परियोजना के परिणामस्वरूप डॉ. गौतम शर्मा, एकीकृत चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र (सीआईएमआर), एम्स की सहायता से मधुमेह रोगियों एवं जन साधारण हेतु संरचित योग कार्यक्रम पर एक पुस्तिका तैयार की गई है। इस पुस्तिका का प्रमाणीकरण दिल्ली के दक्षिणपुरी में सामुदायिक संस्थापनाओं में पूरा किया गया और इसके परिणामस्वरूप, वंचित शहरी आबादी में परिवार और सामुदायिक हस्तक्षेप के माध्यम से बीमारी की रोकथाम और उन्नत स्वास्थ्य हेतु दीर्घकालिक परिणाम सामने आए। शोध निष्कर्ष विशेषज्ञ समीक्षित वैज्ञानिक जर्नल में प्रकाशित किए गए।

आधुनिक संदर्भ में प्राचीन पद्धतियों का प्रमाणीकरण भारतीय पारंपरिक ज्ञान प्रणाली में निहित गहन विज्ञान को दोहराता है। मैं इस पुस्तिका के संकलन के लिए प्रोफेसर पुनीत मिश्रा, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र, एम्स और डॉ. रश्मि शर्मा, प्रमुख, एसएचआरआई को बधाई देता हूँ।

यह पुस्तिका आम जनता के उपयोग हेतु डीएसटी वेबसाइट पर निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

(अभय करंदीकर)

Technology Bhavan, New Mehrauli Road, New Delhi - 110016
Tel: +91 11 26511439 / 26510068 | Fax: + 91 11 26863847 | e-mail: dstsec@nic.in | website: www.dst.gov.in

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अन्सारी नगर, नई दिल्ली-११००२६ (भारत)
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
ANSARI NAGAR, NEW DELHI - 110029 (INDIA)
Ph. 011-26594805/4800, Email: director@aiims.gov.in

25th November 2024
दिनांक/Dated :.....

MESSAGE

AIIMS New Delhi is committed not only to patient care and research at the hospital, but also to the urban and rural communities at large to provide preventive, curative and promotive health care.

All over the world people are looking for Holistic Health and Integrative Medicine and AIIMS is having long tradition of working in these areas.

AIIMS New Delhi has taken lead in community-based research under Dr Puneet Misra with funding from DST, Govt of India, to see the effect of structured yoga module developed in house on diabetes, results were encouraging and published in peer reviewed journal.

I am happy to see that DST is now releasing this module for the benefit of general public. I congratulate the team and thank DST for funding this important research and taking this module forward for use by general public.

25/11/2024

(Prof. M. Srinivas)
Director

निदेशक/Director
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
All India Institute of Medical Sciences
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029
Ansari Nagar, New Delhi-110029

CENTRE FOR INTEGRATIVE MEDICINE & RESEARCH (CIMR)
Convergence Block, 7th Floor
All India Institute of Medical Sciences, New Delhi-29

MESSAGE

Yoga is increasingly gaining credibility as an important component of Integrative Medicine. This acceptance is based on rapidly accumulating scientific evidence. Since its inception in 2016, the Center for Integrative Medicine and Research (CIMR), AIIMS, New Delhi has focused on advancing the Yoga sciences by conducting scientific research in the field of Yoga and Ayurveda using modern research methodologies. Within a short span, the center has published over twenty-five papers in national as well as international journals.

We have been actively collaborating with Dr. Puneet Misra and his colleagues at the Centre for Community Medicine, AIIMS, New Delhi in various studies related to Yoga. In this study, "Effect of community- based structured yoga program on HbA1c level among type 2 diabetes mellitus patients: An interventional study", we specifically designed and validated a structured Yoga protocol with the help of national experts of Yoga, including those from S-VYASA. I am happy to share that we had a fruitful collaboration and the trial demonstrated a significant improvement in the glycemic index of diabetic patients following this structured Yoga module.

I extend my heartfelt congratulations to Dr. Puneet Misra and his research team for successfully conducting this impactful study and for facilitating the release of this structured yoga module for public benefit.

I also express my gratitude to the Department of Science and Technology (DST), Government of India, for funding this research and hosting the structured yoga module on their website, ensuring wider accessibility for the public.

Best wishes to the team.

DR. GAUTAM SHARMA
Professor Cardiology & In-charge
Centre for Integrative Medicine and Research
All India Institute of Medical Sciences
New Delhi-110029

Dr. Gautam Sharma
Professor,
Department of Cardiology, and
Professor In-Charge,
Center for Integrative Medicine and Research,
AIIMS, New Delhi

प्राक्कथन

पिछले कई दशकों से मधुमेह यानि कि डायबिटीज, भारत में एक प्रमुख बीमारी के रूप में उभरी है। यह पूरे विश्व में मृत्यु के दस मुख्य कारणों मे से एक है। भारत को कई बार विश्व की मधुमेह राजधानी के रूप में प्रदर्शित किया जाता है। भारत में 7 करोड़ से ज्यादा वयस्क इस बीमारी से पीडित हैं। इसके अतिरिक्त 2.5 करोड़ से ज्यादा लोग प्री डायबिटीक यानी मधुमेह से तुरन्त पहले वाली अवस्था में हैं, जिन्हे भविष्य में मधुमेह होने की ज्यादा संभावना है। अनियंत्रित मधुमेह शरीर के विभिन्न अंगों पर प्रभाव डालता है। जिससे मस्तिष्क, दिल, गुर्दे आदि की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। इसलिये डायबिटीज की रोकथाम एवं इलाज बहुत महत्वपूर्ण है।

इस बीमारी की रोकथाम में स्वस्थ जीवन शैली एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। योग इस कार्य में एक मान्यताप्राप्त, वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित भारतीय परम्परा की एक पद्धति है, जिसे अपनाकर व्यक्ति मधुमेह से बच भी सकता है, तथा यदि मधुमेह हो गया है तो उस पर प्रभावी नियंत्रण पा सकता है। HbA1c स्तर मधुमेह के पिछले तीन महीने के शर्करा स्तर के नियंत्रण को बताता है।

हमने इस संरचित योग कार्यक्रम के द्वारा यह प्रमाणित किया है कि अगर इस कार्यक्रम को रोज उपयोग में लाया जाये तो HbA1c के स्तर में सुधार होता है। इसका अर्थ यह हुआ कि यह शर्करा के स्तर में प्रभावी सुधार लाता है। हमने आपके लिये इस कार्यक्रम को लाने से पहले पूर्ण रूप से वैज्ञानिक शोध किया एवं वैज्ञानिक पत्रिका में उस शोध को प्रकाशित किया, तत्पश्चात यह आपके प्रयोग के लिये प्रस्तुत है। हमारा उद्देश्य जनसाधारण के लिये बिना किसी खर्च के घर में करने योग्य कार्यक्रम लाना था, जोकि विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से आप सब के बीच में प्रस्तुत है। हम आशा करते हैं कि यह कार्यक्रम मधुमेह के नियंत्रण में एक प्रभावी भूमिका निभायेगा।

आभार

इस शोध को वित्तीय समर्थन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के SATYAM प्रोग्राम के तहत प्राप्त हुआ, जिसके लिये हम उनके आभारी हैं। हम सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव मेडिसिन (CIMR) अ.भा.आ.सं. नई दिल्ली के भी आभारी है जिन्होंने कार्यक्रम बनाने में SVYASA के साथ मिलकर हमारी सहायता की। हमारा सबसे बडा आभार इस शोध में भाग लेनेवाले प्रतिभागियों एवं कर्मचारियों के लिए है। हम इस पुस्तिका को सामान्य जन को उपलब्ध कराने हेतु डॉ. एम. श्रीनिवास, निदेशक, अ.भा.आ.सं. नई दिल्ली एवं डॉ. किरण गोस्वामी, विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा विज्ञान केन्द्र, अ.भा.आ.सं. नई दिल्ली के अत्यंत आभारी है। हमारी अ.भा.आ.सं. नई दिल्ली की टीम में डॉ. रणदीप गुलेरिया, पूर्व निदेशक; डॉ निखिल टंडन, विभागाध्यक्ष, एन्डोक्रिनोलोजी एवं मेटाबोलिक विभाग; डॉ. गौतम शर्मा, प्रोफेसर एवं प्रभारी CIMR; डॉ. शशि कांत, पूर्व विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा विज्ञान केन्द्र; डॉ. संजय राय, प्रोफेसर, सामुदायिक चिकित्सा विज्ञान केन्द्र; डॉ. सुप्रकाश मंडल, पूर्व वरिष्ठ रेजिडेंट; डॉ. प्रियंका कर्दम, परामर्शदाता का विशेष सहयोग रहा जिसके लिए मैं हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। इस पुस्तिका को डिजाइन करने तथा सामान्य लोगों के समझने योग्य बनाने के लिये श्री रामचंद्र पोकले, चीफ आर्टिस्ट, एम्स का अत्यंत आभार व्यक्त करता हुँ।

मैं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा इस पुस्तिका के विमोचन पर अत्यन्त उत्साहित हुँ एवं आशा करता हुँ, विश्वास करता हुँ कि यह पुस्तिका न केवल मेरे भारत के भाई–बहनों के लिए बल्कि विश्व में सभी के उपयोग हेतु उपलब्ध होगी और सभी के कल्याण हेतु हमारी 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को सार्थक करेगी।

सादर

पुनीत मिश्रा, प्रोफेसर,
सामुदायिक चिकित्सा विज्ञान केन्द्र,
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
एवं प्रमुख अनुसंधानकर्ता, डायबिटीज एवं योग कार्यक्रम

Ph : 011 2659 3773, E-mail : doctormisra@gmail.com

PREFACE

Diabetes Mellitus (DM), in the last two decades, has emerged as a silent killer of epidemic proportions. It is one among the top ten causes of death worldwide. India has the dubious distinction of being referred as the “diabetic capital” of the world. It is estimated that there were 77 million Indians, above the age of 18 years, who had diabetes. In addition, there were nearly 25 million Indians who were prediabetic i.e., at a higher risk of developing diabetes in near future. Uncontrolled DM adversely affects many other organs of the body including kidney, eye, peripheral nerves etc. Diabetes is a known risk factor for many other serious chronic diseases including cerebrovascular diseases, myocardial infarction, stroke etc.

Prevention of occurrence of the disease is the preferred option. However, if the disease has already taken root, then adequate control of the blood sugar is the desired goal. The physicians often prescribe pharmacological agents to control the blood sugar level. However, it is now well recognized that lifestyle modifications have an important role in prevention and control of DM.

Prevention and control: Integrative approach to diabetes

Integrative medicine emphasizes the combination of both conventional and alternative approaches to address the biological, psychological, social and spiritual aspects of health and illness. Yoga, a form of physical activity, has been studied for several decades and has gained acceptance due to its numerous health benefits. Yoga is easy and inexpensive to maintain, requiring little in the way of equipment or professional personnel. If yoga is adopted as lifestyle in day-to-day life, it can help people live meaningful, healthy and happy life. Research shows sustained practice of yoga can lead to important outcomes such as changes in life perspective, self-awareness and an improved sense of energy to live life fully and with genuine enjoyment.

Yoga has been practised in India for several centuries, and is a widely accepted lifestyle approach for health and wellness. It has been reported that yoga is beneficial in several lifestyle disorders including diabetes. Glycated hemoglobin (HbA1c) level is universally used as a proxy marker of adequacy of control of blood sugar level. Several studies have reported that practice of yoga significantly reduces HbA1c level, thus testifying to the beneficial effect of yoga in management of DM.

Structured yoga refers to the implementation of a defined set of yoga activities, for the prescribed duration in a predetermined specific sequence. With the help of experts, we developed one such structured yoga module and offered it as an intervention package. Formal yoga sessions are mostly conducted in yoga studio under the supervision of a trained yoga teacher. Due to the expenses involved, such yoga sessions are often beyond the reach of poor and middle-income communities. Even if some people from these communities do join such yoga sessions, they frequently opt out due to various reasons. We aimed to make the yoga practice a self-sustaining community effort so as to maximize the beneficial effect of yoga. Hence, we organized the yoga sessions at community owned assets e.g., nearby park, temples, school premises and other open spaces.

The induction course was conducted for a period of two weeks under the supervision of a trained yoga teacher. Thereafter, the participants were instructed to continue yoga practice at their own preferred

location, with limited supervision The study was carried out as a community-based intervention study in an urban resettlement colony of New Delhi, India. The residents of this colony mostly belonged to poor socio-economic strata. We assessed the effectiveness of the structured yoga module in reducing the blood sugar levels among patients of DM in a community setting, where it was found useful.

We produced high quality scientific evidence that our structured yoga module yielded good glycemic control and a beneficial effect on lipid profile. Moreover, the yoga module was sustainable in this setting.

We are, therefore, encouraged to recommend our structured yoga module to community-at-large for prevention and control of DM.

Acknowledgement

I am grateful to the Department of Science and Technology (DST) for financially supporting this research. This study was funded under the DST research program called, 'Science and Technology of Yoga and Meditation' (SATYAM).

I am also grateful to the Centre for Integrative Medicine and Research (CIMR), AIIMS, New Delhi and S-VYASA for their technical support and overall contribution to this study, specially for their help in development of yoga module for diabetes.

The study team of the project deserves applaud for their sincere and honest work. They were remarkably hard-working members. I am extremely grateful to all the staff and participants of the study for their voluntary support for successful completion of study which led to publication of current booklet. My special acknowledgement goes to Dr. M. Srinivas, Director, AIIMS; Dr. Kiran Goswami, HoD, CCM and team from AIIMS comprising - Dr. Randeep Guleria, Ex. Director AIIMS, New Delhi; Dr. Nikhil Tandon, HoD, Endocrinology & Metabolism; Dr. Gautam Sharma, Prof-In-Charge, Centre for Integrative Medicine & Research, Dr. Shashi Kant Ex. HoD, CCM; Dr. Sanjay K. Rai, Professor, CCM; and Dr. Suprakash Mandal, Ex. Senior Resident, CCM and Dr. Priyanka Kardam, Consultant, CCM. My thanks to Mr. Ramchandra Pokale, Chief Artist, CCM, AIIMS for designing and making this booklet in current form for easy to understand by general public.

I am excited on the release of this booklet, which is an outcome of my work done at AIIMS New Delhi. I am sure that this will be helpful to my fellow brothers and sisters not only in the country, but also worldwide as we believe in “Vasudhev Kutumbkam”.

With Regards
Puneet Misra, Professor
Centre for Community medicine,
All India Institute of Medical Sciences, New Delhi - 110029
and Principal Investigator, Diabetes & Yoga Project

Ph : 011 2659 3773, E-mail : doctormisra@gmail.com

Original Article

Effect of Community-Based Structured Yoga Program on Hba1c Level among Type 2 Diabetes Mellitus Patients: An Interventional Study

Puneet Misra, Gautam Sharma[1], Nikhil Tandon[2], Shashi Kant, Meenu Sangral, Sanjay K Rai, Kapil Yadav, Sreenivas Vishnubhatla[3], Suprakash Mandal, Priyanka Kardam, Nishakar Thakur

Centre for Community Medicine, All India Institute of Medical Sciences, [1]Department of Cardiology, Centre for Integrative Medicine and Research, All India Institute of Medical Sciences, Departments of [2]Endocrinology, Metabolism and Diabetes and [3]Bio-statistics, All India Institute of Medical Sciences, New Delhi, India

Abstract

Context: In view of the rising burden of type 2 diabetes mellitus (DM) cases in India, there is an urgent need for an effective, low-cost, sustainable intervention controlling diabetes thus preventing complications. **Aims:** This study aimed to assess the effect of structured yoga programs on diabetes. **Subjects and Methods:** This was a community-based interventional study that was conducted in an urban resettlement colony of Delhi, India. Known diabetes patients with glycated hemoglobin (Hb1Ac) ≥6.5% were enrolled from 12 randomly selected blocks of the community with a sample size of 192 in each intervention and wait-listed control arm. The intervention was structured yoga of 50 min daily, 2 consecutive weeks in a nearby park and health center followed by twice a week home practice up to the 3rd month. The primary outcome measure was HbA1c% and secondary outcome measures were lipid profile and fasting blood glucose. **Statistical Analysis Used:** A per-protocol analysis was done. Mean, standard deviation (SD), and 95% confidence interval were estimated. The level of significance was considered for 0.05. **Results:** There was a significant decrease of Hb1Ac (0.5%, SD = 1.5, $P = 0.02$), total cholesterol (11.7 mg/dl, SD = 40.5, $P < 0.01$), and low-density lipoprotein (3.2 mg/dl, SD = 37.4, $P < 0.01$) from baseline to end line in the intervention group. These changes in intervention group were also significantly different from the change in the wait-listed control group. The other variables did not change significantly. **Conclusions:** It revealed that structured yoga program improved glycemic outcome and lipid profile of individuals in a community-based setting. Yoga can be a feasible strategy to control hyperglycemia, lipid levels, and can help better control type 2 DM.

Keywords: *Community, diabetes mellitus, type 2, yoga*

Introduction

Type 2 diabetes mellitus (DM) is one of the fastest-growing global health emergencies of the 21st century. Nearly half a billion people (463 million) of the world population are suffering from diabetes and this number is projected to reach 578 million by 2030 and 700 million by 2045. India follows this global trend with a prevalence of 77.0 million in 2016 that is projected to reach 101.0 million by 2030 and 134.2 million by 2045.[1]

The pace of diabetes prevalence in many countries and regions has been boosted by rapid urbanization and dramatic changes toward a sedentary lifestyle.[2] One of the earliest multicentric studies carried out by the Indian Council for Medical Research (ICMR INDIAB) in India to estimate the prevalence of diabetes in urban and rural areas of 15 Indian cities reported a mean prevalence of 11.2% in urban areas and 5.2% in rural areas.[3] With this rising burden of diabetes in the country, the prevalence of diabetes in urban metros is a cause of concern. The Center for Cardiometabolic Risk Reduction in South-Asia Study conducted in cohorts of three metropolitan urban cities, namely Chennai, Delhi, and Karachi reported that overall 47.3%–73.1% of the population had either diabetes or prediabetes. In Delhi, overall 72.7% (70.6%–74.9%) population had either diabetes or prediabetes where the prevalence of diabetes was 25.2% (23.6%–26.8%) and for prediabetes, it was 47.6% (45.6%–49.5%).[4] This prevalence is much higher than reported in the ICMR INDIAB study. In light of the above situation, there is a need to look for low-cost sustainable lifestyle interventions that are effective in offsetting

This is an open access journal, and articles are distributed under the terms of the Creative Commons Attribution-NonCommercial-ShareAlike 4.0 License, which allows others to remix, tweak, and build upon the work non-commercially, as long as appropriate credit is given and the new creations are licensed under the identical terms.

For reprints contact: WKHLRPMedknow_reprints@wolterskluwer.com

How to cite this article: Misra P, Sharma G, Tandon N, Kant S, Sangral M, Rai SK, *et al.* Effect of community-based structured yoga program on hba1c level among type 2 diabetes mellitus patients: An interventional study. Int J Yoga 2021;14:222-8.

Submitted: 13-Sep-2021 **Revised:** 08-Oct-2021
Accepted: 11-Oct-2021 **Published:** 22-Nov-2021

Address for correspondence:
Dr. Puneet Misra,
Room No. 30, Centre for Community Medicine, Old OT Block, All India Institute of Medical Sciences, Ansari Nagar East, New Delhi - 110 029, Delhi, India.
E-mail: doctormisra@gmail.com

Access this article online

Website: www.ijoy.org.in

DOI: 10.4103/ijoy.ijoy_150_21

Quick Response Code:

मधुमेह के लिए संरचित योग कार्यक्रम

उपयोगकर्ताओं के लिए निर्देशः

यह पुस्तिका विशेष रूप से डायबिटीज के रोगियों के लिए तैयार की गई है। यह देखा गया है कि यदि इसे प्रतिदिन अभ्यास किया जाए, तो यह खून में शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके अलावा, योग का अभ्यास शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए कई लाभ प्रदान कर सकता है, लेकिन सुरक्षित अभ्यास सुनिश्चित करने के लिए सावधानी के साथ इसका अभ्यास करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहॉ कुछ सावधानियॉ दी गई हैं जिन पर विशेष ध्यान देना चाहिएः

1. डॉक्टर से परामर्श करेंः यदि आपको पहले से कोई बीमारी, चोट या स्वास्थ्य संबंधी समस्या है तो अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कोई भी नया योग अभ्यास शुरू करने से पहले डॉक्टर से परामर्श जरूर लें।
2. सही योग शैली चुनेः योग की विभिन्न शैलियों में तीव्रता के अलग–अलग स्तर होते हैं। यदि आप योग के लिए नये हैं या आपकी कुछ सीमाएं हैं, तो एक अनुकूल कक्षा से शुरू करें।
3. हालांकि यह 50 मिनट की पुस्तिका एक निर्दिष्ट सेट के साथ तैयार की गई है, लेकिन उपयोगकर्ता शरीर के आराम के स्तर के अनुसार इसे अनुकूलित कर सकते हैं, कृपया अपने आप को जरूरत से ज्यादा न खींचें, यदि यह पीड़ादायक है या असुविधा का कारण बनता है,तो योग चिकित्सक से परामर्श करें।
4. अगर आपकी कोई ऐसी मेडिकल या शरीरिक स्थिति है, जो कुछ खास हरकतों या योग आसनों को प्रतिबंधित करती है, तो कृपया उन योग आसनों को न करें।
5. योग्य प्रशिक्षकः किसी योग्य और अनुभवी योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में शुरूआती अभ्यास करें। वे शुरूआती दिनों में आपकी जरूरतों के आधार पर उचित दिशानिर्देश और संशोधन प्रदान कर सकते हैं।
6. योग अभ्यास में अपने शरीर की क्षमता एवं संकेत पर ध्यान दें। यदि आपको ठीक प्रतीत नहीं होता है, तो अभ्यास रोक दें एवं चिकित्सक से परामर्श करें।
7. हमेशा शुरूआत हल्के अभ्यास से करें, जब शरीर वार्मअप होकर तैयार हो जाये, तभी अन्य अभ्यास करें।
8. सांस लेनाः अपनी सांस को योग आसनों के साथ समन्वयित करें और योग के दौरान अपनी सांस को रोकने से बचें।
9. ज्यादा थकान से बचेंः तैयार होने से पहले खुद पर बहुत ज्यादा दबाव न डालें। धीरे–धीरे आगे बढ़ें।
10. हाइड्रेशनः अपने अभ्यास से पहले, उसके दौरान और बाद में पानी या तरल पदार्थों जैसे नारियल पानी का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें।
11. खानाः योग का अभ्यास करने से पहले भारी भोजन से बचें। खाली पेट अभ्यास करें, या एक या दो घंटे पहले हल्का नाश्ता ले सकते हैं।
12. चोट और दर्दः अगर आपको चोट लगी है, तो पहले अपने प्रशिक्षक/चिकित्सक से परामर्श करें, ताकि अगर कुछ बदलाव अपेक्षित है तो उसको कर सकें।
13. गर्भावस्थाः अगर आप गर्भवती हैं, तो कुछ आसनों में बदलाव करने या टालने की आवश्यकता हो सकती है। अपने डॉक्टर से परामर्श करें और प्रसवपूर्व योग का अभ्यास केवल उचित प्रशिक्षक/चिकित्सक के परामर्श के उपरान्त ही करें।

14. नियमित योग अभ्यास करना ही उचित है, अतः कोशिश करें कि अपनी दिनचर्या में योग अभ्यास को नियमित रूप से शामिल करें।
15. अभ्यास करने के उपरान्त धीरे–धीरे योग अभ्यास को पूर्ण विश्राम के साथ समाप्त करें।

इन सावधानियों को ध्यान में रखते हुए और ध्यानपूर्वक अभ्यास करके, आप चोट के जोखिम को कम करते हुए योग के पूर्ण लाभों का आनंद ले सकते हैं। अगर आप किसी चीज़ के बारे में अनिश्चित हैं, तो हमेशा अपने प्रशिक्षक या डॉक्टर से सलाह लें।

इस योग कार्यक्रम का परीक्षण किया गया है और इसे डायबिटीज के रोगियों के लिए उपयोगी पाया गया है। किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, आप डॉ. पुनीत मिश्रा से संपर्क कर सकते हैं, जिन्होंने इस अध्ययन को वैज्ञानिक तरीके से किया है एवं विभिन्न विशेषज्ञों के साथ मधुमेह के लिये इस योग कार्यक्रम को विकसित एवं परीक्षण किया है। वैज्ञानिक रूप से इस योग कार्यक्रम को प्रकाशित करने के उपरान्त, आप सभी के लिये यह कार्यक्रम प्रस्तुत है।

अनुक्रमणिका

क्रमांक	अभ्यास	चक्र (कितनी बार)	कितनी देर तक
1	प्रार्थना	1	1 मिनट
2	साँस लेने का अभ्यास		
2.1	हाथों को खींचते हुए सांस लेना	10	2 मिनट
2.2	हाथों को अंदर बाहर करते हुए सांस लेने की प्रक्रिया	10	2 मिनट
2.3	टखनों के खींचाव के साथ सांस लेना	10	1 मिनट
2.4	मार्जरी आसन	5	1 मिनट
2.5	पैर सीधे उठाकर सांस लेने की प्रक्रिया	5	2 मिनट
3	आई.आर.टी (तत्काल विश्राम तकनीक)		1 मिनट
4	हल्का व्यायाम		
4.1	धीमी जॉगिंग / धीमी गति से टहलना	40	4 मिनट
4.2	कटिचक्रासन (कटि शक्ति विकासक–5)	10	1 मिनट
5	क्यू.आर.टी. (शीघ्र विश्राम तकनीक)		3 मिनट
6	आसन (खड़ी स्थिति में आसन)		
6.1	अर्धकटिचक्रासन	1	1 मिनट
6.2	अर्धचक्रासन	1	1 मिनट
6.3	वृक्षासन	1	1 मिनट
6.4	त्रिकोणासन	1	1 मिनट
7	आसन (बैठने की स्थिति में आसन)		
7.1	वक्रासन	1	1 मिनट
7.2	अर्धमत्स्येंद्रासन	1	1 मिनट
8	डी.आर.टी. (गहरी विश्राम तकनीक)		7 मिनट
9	प्राणायाम		
9.1	योगिक / विभागीय सांस	12	5 मिनट
9.2	नाड़ी शुद्धि	10	2 मिनट
9.3	नादानुसंधान	12	5 मिनट
9.4	भ्रामरी प्राणायाम	10	2 मिनट
10	ध्यान		
10.1	ऊँ का उच्चारण	9	5 मिनट
	कुल समय		50 मिनट

प्रार्थना

ऊँ सर्वे भवन्तु सुखिनः
सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु
मा कश्चित् दुःख भाग्भवेत्।
ऊँ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

सभी सुखी हों,
सभी रोगमुक्त रहें।
सभी मंगलमय घटनाओं के साक्षी बनें
और किसी को भी दुःख का भागी न बनना पड़े।
ओम, शांति, शांति, शांति।

सांस (सांस लेने की प्रक्रिया)

2.1. हाथों को खींचते हुए सांस लेना :-



विधि :–

- पैरों को मिलाकर सीधा खड़े रहे।
- धीरे से अपने हाथ छाती के सामने लाएं।
- उंगलियों को एक दूसरे से मिलाते हुए छाती पर हथेलियों को रखें।
- कंधों को ढ़ीला करे एवं आराम दें।
- अपनी आंखे बंद करें।
- सांस लेते समय, कंधों की सीध में अपने हाथों को अपने शरीर के साथ 90 डिग्री पर हथेली का मुख बाहर की ओर खींचें और वापस आयें।
- 135' डिग्री का कोण बनाते हुए हाथों को माथे के सामने, ऊपर खींचते हुए इस प्रक्रिया को दोहराएं।
- अब 180' डिग्री का कोण बनाते हुए बांहों को अपने सिर के ऊपर खींचे और वापस आयें। (ताडासन की तरह)।
- प्रत्येक प्रक्रिया को 10 बार दोहराएं।

लाभ :–

- ✓ छाती को फैलाने में मदद करता है।
- ✓ सांसों को संतुलित रखता है।

2.2. हाथों को अंदर बाहर करते हुए सांस लेने की प्रक्रिया



विधि :–

- कंधों की सीध में अपने हाथों को सामने की ओर खींचे
- सांस लेते हुए अपने हाथों को पीछे की तरफ फैलांए।
- सांस छोड़ने के साथ दोनों हाथ आगे लाएं।
- सांसों को लयवद्ध रूप से अंदर और बाहर करने के साथ अपने हाथों के संचलन को निरंतर बनाएं।
- इस क्रिया को 10 बार दोहराएं ।

लाभ :–

- ✓ फेफडों की क्षमता को बढाता है।
- ✓ शरीर को नियमित ऑक्सीजन प्रदान करता है।

2.3. टखनों के खिंचाव के साथ सांस लेना

विधि :–



- आंखें खोलें और दीवार पर एक बिंदु पर अपनी नज़र को स्थिर करें। हथेलियों को अपनी जांघों के सामने रखें।
- सांस लेने के दौरान, अपने हाथों और एड़ियों को उठाएं।
- जैसे ही आप सांस निकालें, अपने हाथ और ऊँची एड़ी को नीचे लाएं।
- हाथों और एड़ियों की गति को बनाए रखें, लगातार सांस ले। जैसे ही आप ऊपर पहुंचते हैं, अपने एड़ियों से अपनी अंगुलियों तक हुए खिंचाव को महसूस करें।
- वापस सामान्य स्थिति में आएं। जांघों के किनारे हाथों को रखें और इसी स्थिति में आराम करें। अपनी सांस का निरीक्षण करें और कुछ सेकंड के लिए स्थिरता का आनंद लें।
- इस क्रिया को 10 बार दोहराएं।

लाभ

✓ यह हमारे शरीर में खून के संचार को दुरूस्त रखता है।

2.4. मार्जरी आसन (बाघ की तरह सांस लेने की प्रक्रिया)

विधि :–



- इस क्रिया में आपकी हथेलियां व घुटने जमीन से चिपके हुए हो।
- आपकी गर्दन एकदम सीधी व सामने होनी चाहिए।
- अब हल्की सांस भरते हुए अपने मुंह को ऊपर आकाश की और उठाएं। आपकी कमर नीचे की ओर होनी चाहिए।
- थोड़ी देर तक इस अवस्था में रूकने का प्रयास करें। अब सांस को छोड़ते हुए अपने चेहरे को नीचे लाएं और पेट को देखने का प्रयास करें और अपनी पीठ को धनुष के आकार जैसे ऊपर उठाने की कोशिश करें।
- पीठ आपकी ऊपर की ओर उठी हुई हो। इस क्रिया को कम से कम 5 या फिर 10 बार दोहराएं।

लाभ :–

✓ यह हमारे शरीर में खून के संचार को ठीक रखता है।
✓ रीड़ की हड्डी में लचीलापन लाता है।
✓ कलाई व कंधे मजबूत करता हैं।
✓ पाचनतंत्र को मजबूती प्रदान करता है।

2.5. पैर सीधे उठाकर सांस लेने की प्रक्रिया

विधि :–

- दोनों पैरों को एक साथ रखें व हाथों को जांघों के पास रखें।
- सांस लेते हुए दाहिने पैर को बिना घुटना मोड़े धीरे से ऊपर अथवा जहां तक आरामदायक हो उठाएं।
- सांस छोड़ते हुए पैर जमीन पर वापस लाएं।
- इस क्रिया को बांए पैर के साथ दोहराएं।
- 5 चक्र पूरे करें।



लाभ :–

- ✓ फेफडों की क्षमता को बढाता है।

विश्राम

3. आई. आर. टी (तत्काल विश्राम तकनीक)



विधि :–

- पीठ के बल लेट जांए।
- जांघों के साइड में हथेलियां को रखें।
- शरीर के निचले हिस्से को कस कर रखें।
- नितंबों पर दबाव बनाए एवं कस कर रखें।
- सांस छोड़े एवं पेट में अंदर की तरफ दबाव बनाएं।
- हथेलियों से मुट्ठी बनाये एवं हाथों को कस कर रखें।
- सांस लेते हुए सीना फुलाएं।
- पैरों से लेकर सिर तक पूरे शरीर को कस कर रखें।
- और कसाव लाएं, और कसाव लाएं, और कसाव लाएं।
- कसाव कम करें एवं आराम करें।
- हाथ दूर करें एवं हथेलियों को छत की ओर करे।
- पूरे शरीर को ढ़ीला छोड़ दें।
- विश्राम का आंनद लें।

लाभ :–

- ✓ कम समय में पूरे शरीर को आराम प्रदान करता है।
- ✓ ऊर्जा स्तर में सुधार लाता है।
- ✓ यह तनाव कम करता है।

4 हल्का व्यायाम (जॉगिंग–हल्की दौड़)

विधियॉ :–

4.1 धीमी गति से टहलना :–

- धीरे–धीरे अपने पैर की उंगलियों पर जॉगिंग शुरू करें।
- गति बढ़ाएं, अधिकतम गति पर यह 20 बार दोहराएं।
- धीरे धीरे धीमी जॉगिंग 10 बार करें।
- धीरे–धीरे धीमी जॉगिंग के अभ्यास को धीमा कर दें।

पीछे की तरफ टहलना :–

- पीछे की ओर जॉगिंग शुरू करें और धीरे–धीर गति को इतना बढ़ाएं कि एड़ियां पीछे की ओर नितम्बों पर लगने लगे।
- अधिकतम गति पर यह 20 बार दोहराएं।
- फिर धीरे धीरे धीमा करें।
- कम से कम 10 बार धीमी जॉगिंग जारी रखे।
- धीरे–धीरे धीमी जॉगिंग के अभ्यास को धीमा कर दें।

आगे की तरफ टहलना :–

- थोड़ी देर के बाद सामने की ओर जॉगिंग शुरू करें अब जब आप गति को बढ़ाते हैं, तो घुटनो को छाती तक उठाने का प्रयास करें।
- इसे अपनी अधिकतम गति पर 20 बार दोहराएं।
- धीरे–धीरे धीमी जॉगिंग के अभ्यास को धीमा कर दें।
- कम से कम 10 बार धीमी जॉगिंग जारी रखें।

साइड की तरफ टहलना :–

- पैरों को साइड से उठाते हुए जॉगिंग शुरू करें।
- जॉगिंग के अभ्यास की गति को धीरे–धीरे बढ़ाएं।
- अपनी अधिकतम गति पर 20 बार दोहराएं।
- धीरे–धीरे जॉगिंग चरण में वापस आने के लिए धीरे–धीरे धीमा करें।
- कुछ समय तक 10 बार जॉगिंग रखें और अंत में अभ्यास को रोकें।

लाभ :–

- ✓ पैर की मांसपेशियों, एड़ी और जांघों के लिए अच्छा अभ्यास है।

अभ्यास करते समय बरतें ये सावधानियां :–

- धीरे–धीरे जॉगिंग की गति बढ़ाएं और जल्दी ना करे।
- जब तक आप सभी 4 चरणों में जॉगिंग पूरा न करें, अभ्यास को किसी भी चरण में रोकने की कोशिश न करें।

4.2. कटिचक्रासन (कटि शक्ति विकासक-5)

- इसको करने के लिए सबसे पहले आप सामान्य स्थिति में आ जाएं।
- अपने दोनों पैर के बीच एक फीट की दूरी बनाकर जमीन के ऊपर खड़े हो जाएं।
- अपने दोनों हाथों को अपने कंधों के समानांतर फैलाते हुए अपनी हथेलियों को आमने–सामने रखें।
- सांस को भरें और फिर सांस को छोड़ते हुए अपनी बाहों को धीरे–धीरे अपने शरीर के दाईं ओर ले जाएं। अपने शरीर को दाईं तरफ को घुमाएँ।
- अपने शरीर को कमर से मोड़ें और अपने हाथों को यथासंभव पीछे की ओर ले जाएँ।
- जब आप घूम जाते हो तब इस स्थिति को बनाये रखते हुए फिर से सांस लेते हुए आप वापस आ जाएं, ऐसा करके आपका आधा चक्र पूरा हो जाता है।
- फिर इस प्रक्रिया को बाई तरफ से दोहराइये, ऐसा करके आपका एक चक्र पूरा हो जाता है।
- इसको आप 10 बार तक कर सकते हैं, बाद में आप इसे बढ़ा भी सकते हैं।

लाभ :–

- ✓ कमर और पेट को कम कर देता है।
- ✓ रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है।

अभ्यास करते समय बरतें ये सावधानियां :–

- ✓ सभी घुमाव कमर के स्तर से ऊपर होना चाहिए।
- ✓ घुटनों को झुकायें नहीं।

5. शीघ्र विश्राम तकनीक (क्यू.आर.टी.)

विधि :–



- शवासन (पीठ के बल लेटना) में लेट जाएं।
- आंखों को बंद कर लें।
- पेट की गतिविधियों को समझें।
- जब आप सामान्य रूप से सांस लेते हैं और पेट को बाहर निकालते हैं तो पेट की मांसपेशियों की गति को महसूस करें।
- गहरी सांस लेने के साथ पेट की गतिविधियों को महसूस करें।
- पेट सांस लेते समय बाहर चला जाता है और निकालते समय अंदर आता है।
- शरीर को सक्रिय करें और हल्का महसूस करें, क्योंकि आप गहराई से और धीरे–धीरे सांस ले रहे हैं। निकास के दौरान पूरी तरह से सभी मांसपेशियों को शांत कर, तनाव मुक्त करें और विश्राम का आनंद लें।
- सांस निकालने के दौरान "ऊँ" मंत्र का उच्चारण करते हुए नाक से सांस बाहर निकाले।
- शरीर के निचले हिस्सों में कंपन महसूस करें। धीरे–धीरे उठकर शरीर के दाएं या बाएं तरफ से वापस आएं।

आसन

6.1 अर्धकटिचक्रासन



विधि :–

- दोनों पैर मिलाकर सीधे खड़े हो जायें।
- धीरे से सांस लेते हुए साइड से दायें हाथ को ऊपर उठायें।
- दायें हाथ को अपने दायें कान से मिलाए, सांस छोड़ते हुए बांई तरफ झुक जायें।
- सामान्य गति से सांस लेते हुए इस आसन को एक मिनट तक बनाएं रखें। अपने शरीर के अनुसार करें।
- सांस छोड़ते हुए वापस सामान्य स्थिति में आयें और हाथ को धीरे से नीचे जांघ के पास ले आयें।
- दूसरी तरफ से इसी प्रकार इस क्रिया को दोहराएं ।

लाभ :–

✓ रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है। ✓ फेफड़ों की योग्यता को बढाता है।

अर्धकटिचक्रासन करते समय बरतें ये सावधानियां :–

✓ गर्भावस्था, हर्निया, स्लिप डिस्क एवं उदर के हिस्से में हुई किसी भी सर्जरी वाले व्यक्तियों के लिए यह आसन वर्जित है।

✓ यदि आपको रीढ़ की हड्डी की कोई भी समस्या हो तो आप चिकित्सिक से सलाह लेकर ही यह आसन करें।

6.2. अर्धचक्रासन



विधि :–

- पैरों को एक साथ रखते हुए सीधे खड़े हो जाएँ और हाथों को शरीर के साथ रखें।
- अपने शरीर के वजन को दोनो पैरों पर समान रूप से रखें।
- साँस अन्दर की ओर लेते हुए, हाथों को सिर के ऊपर ले जायें और हथेलियाँ एक दूसरे के सामने हों।
- साँस छोड़ते हुए नितम्बों को थोड़ा सा सामने की तरफ धक्का दें, हल्का से पीछे की ओर झुक जाएँ,अपने हाथों को कान से सटा कर रखें, कोहनियाँ तथा घुटने सीधे रखें, सिर सीधा रखते हुये अपने सीने को छत की तरफ उठायें।
- साँस अन्दर की ओर लेते हुए इस अवस्था को कुछ देर बनाये रखें।
- साँस छोड़ते हुए धीरे से वापस आएं, अपने हाथों को नीचे लायें।

लाभ :–

✓ शरीर के ऊपरी हिस्से (धड़) में खिंचाव पैदा करता है।

✓ हाथों एवं कंधो की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है।

अर्धचक्रासन करते समय बरतें ये सावधानियां :–

✓ कमर दर्द में इस आसन को करने से बचना चाहिए।

✓ सिर को झटके के साथ पीछे नही ले जाना चाहिए।

✓ इस आसन को करने के बाद आगे झुकने वाला आसन करना चाहिए।

6.3. वृक्षासन

विधि :–

- हाथों को बगल में रखते हुए सीधे खड़े हो जाएँ और नजर को एक बिंदू पर केन्द्रित करे।
- दाहिने घुटनें को मोड़ते हुए अपने दाहिने पंजे को बाएँ जंघा पर रखें। अपने पैर का तलवा जंघा के ऊपर सीधा एवं ऊपरी हिस्से से सटा हुआ हो। अपने शरीर के अनुसार करें।
- बाएँ पैर को सीधा रखते हुए संतुलन बनाये रखें।
- अच्छा संतुलन बनाने के बाद गहरी साँस अंदर लें, धीरे–धीरे हाथों को सर के ऊपर ले जाएँ और नमस्कार की मुद्रा बनाएं।
- बिल्कुल सामने की तरफ देखें, सीधी नज़र सही संतुलन बनाने में अत्यंत सहायक है।
- रीढ की हड्डी सीधी रहे, आपका पूरा शरीर रबर बैंड की तरह तना हुआ हो। हर बार सांस छोड़ते हुए शरीर को ढीला छोडते जाएँ और विश्राम करें, मुस्कुराते हुए शरीर और सांस के साथ रहें।
- धीरे से दाहिने पैर को सीधा करें,धीरे–धीरे साँस छोड़ते हुए हाथों को नीचे ले आयें ।
- सीधे खड़े हो जाए बिल्कुल पहले की तरह,अब बाएँ तलवे को दाहिने जांघ पर रख कर आसन को दोहराएं।

लाभ :–

- ✓ यह मस्तिष्क में स्थिरता और संतुलन लाता है।
- ✓ एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है।
- ✓ यह आसन पैरों को मजबूती प्रदान करता है एवं संतुलन बनाने में सहायक है।

वृक्षासन करते समय बरतें ये सावधानियां

- अपने शरीर के अनुसार करें।
- यदि आपको अनिद्रा या माइग्रेन हो तो वृक्षासन का अभ्यास न करें।
- अगर आपका ब्लड प्रेशर बहुत कम है तो इस स्थिति में भी वृक्षासन का अभ्यास करने से बचें।
- यदि आपके घुटनों में दर्द हो तो इस आसन का अभ्यास न करें।

6.4 त्रिकोणासन

विधि :–

- सीधे खड़े हो जाएँ। अपने पैरों के बीच सुविधाजनक दूरी बना लें (तकरीबन 2 से 3 फीट)।
- अपने दाहिने पंजे को 90 डिग्री तथा बाएँ पंजे को हल्का घुमाएँ।
- अपनी दाहिनी एड़ी के केंद्र को अपने बाएँ पैर से बन रहे घुमाव के केंद्र की सीध में लेकर आएँ।
- सुनिश्चित करें की आपके पंजे जमीन को दबा रहे हों और शरीर का भार दोनों पैरों पर समान रूप से हो।
- एक गहरी सांस अन्दर की ओर लें, सांस बाहर की ओर छोड़ते हुए अपने शरीर को दाहिने तरफ मोड़ें, कूल्हों से नीचे की तरफ जाएँ, कमर को सीधा रखते हुए अपने बाएँ हाथ को ऊपर हवा में उठाएँ और दाहिने हाथ को नीचे जमीन की तरफ ले जाएँ। इस प्रकार अपने दोनों हाथों को एक सीध में रखें।

- अपने दाहिने हाथ को एड़ी या जमीन पर बाहर की तरफ रखें। अपने बाएँ हाथ को छत की ओर खींचे और कंधो की सीध में ले आएँ। अपने सिर को बीच में रखे या बाहिनी ओर मोड़ लें, आँखों की दृष्टि को बहिनी हथेली की ओर देखें।
- ध्यान रखें की आपका शरीर किनारे की तरफ से मुड़ा हुआ हो। शरीर आगे या पीछे की ओर झुका न हो। नितम्ब तथा वक्ष पूरी तरह से खुले रहें।
- शरीर में अधिकतम खिंचाव बनाए रखते हुए स्थिर रहें। गहरी सांस लेते रहें। बाहर जाती हुई प्रत्येक सांस के साथ शरीर को विश्राम दें। अपने शरीर एवं सांस के साथ मन को स्थिर रखें।
- सांस लें, ऊपर की ओर उठें, अपने हाथों को नीचे की तरफ लाएँ और पैरों को सीधा करें।
- यही प्रक्रिया अपनी दूसरी तरफ से भी करें।

<u>लाभ</u> :–

- ✓ त्रिकोणासन करने से पैरों एवं घुटनों के अलावा कूल्हों एवं गर्दन, रीढ़ और टखनों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसके अलावा यह आसन कंधों और सीने को चौड़ा बनाने में मदद करता है।
- ✓ त्रिकोणासन करने से शरीर को उर्जा एवं स्फुर्ति मिलती है इसके अलावा यह आसन नाभि को ठीक रखने में भी सहायक होता है।

त्रिकोणासन करते समय बरतें ये सावधानियां

- अपने शरीर की क्षमता के अनुसार करें।
- अगर आपको गंभीर पीठ दर्द की समस्या या गर्दन में दर्द रहता है तो त्रिकोणासन को करने से परहेज करें।
- यदि आपको हृदय से संबंधित कोई भी समस्या हो तो त्रिकोणासन को करने से बचें।

7.1. वक्रासन

<u>विधि</u> :–



- अपनी जगह पर पैरों को सामने की ओर मिलाकर बैठें, दाहिना पैर मोड़े और अपनी ओर तब तक खींचे जब तक यह आपके बाएं घुटने के बराबर न आ जाए।
- जो पैर मुड़ा है वही हाथ अपनी कमर के पीछे रखे। दाहिने घुटने पर बाये हाथ की कोहनी को रख कर दायें पैंर की ऐंड़ी/पैर को पकड़ने को प्रयास करें।
- अपने दाहिने घुटने को जितना हो सके खींचे और सांस छोड़ते हुए अपना धड़ दायीं तरफ घुमाएं अपनी बाये हाथ की कोहनी का जितना सहारा ले सकते है ले।
- सांस भरते हुए पूर्व स्थिति में आ जाए।
- इसी प्रकार बायीं तरफ से भी दोहराएं।

<u>लाभ</u> :–

- ✓ रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है।
- ✓ फेफड़ों की योग्यता में सुधार करता है।
- ✓ कब्ज दूर करनें में मदद करता है।

वक्रासन करते समय ये सावधानियां बरतें:–

- ✓ पेट दर्द में वक्रासन नहीं करनी चाहिए।
- ✓ गर्दन दर्द होने पर भी इसको करने से बचें।
- ✓ अपने शरीर की क्षमता के अनुसार करें।

7.2 अर्धमत्स्येंद्रासन

विधि

- पैरों को सामने की ओर मिलाकर बैठ जाएँ, दोनों पैरों को साथ में रखें, रीढ़ की हड्डी सीधी रहे।
- बाएँ पैर को मोड़ें और बाएँ पैर की एड़ी को दाहिने कूल्हे के पास रखें (या आप बाएँ पैर को सीधा भी रख सकते हैं)।
- दाहिने पैर को बाएँ घुटने के ऊपर से सामने रखें।
- बाएँ हाथ को दाहिने घुटने पर रखें और दाहिना हाथ पीछे रखें।
- कमर, कन्धों व गर्दन को दाहिनी तरफ से मोड़ते हुए दाहिने कंधे के ऊपर से देखें।
- रीढ़ की हड्डी सीधी रहे।
- इसी अवस्था को बनाए रखें, लंबी, गहरी सामान्य साँस लेते रहें।
- सांस छोड़ते हुए, पहले बाएं हाथ को ढीला छोड़े, फिर कमर, छाती और अंत में गर्दन को ढीला छोड़ें। आराम से सीधे बैठ जाएँ।
- दूसरी तरफ से प्रक्रिया को दोहराएँ।
- साँस छोड़ते हुए सामने की ओर वापस आ जाएँ।

<u>लाभ</u> :–

- ✓ रीढ़ की हड्डी को मजबूती मिलती है।
- ✓ रीढ़ की हड्डी का लचीलापन बढ़ता है।
- ✓ छाती को फ़ैलाने से फेफड़ों को ऑक्सीजन ठीक मात्रा में मिलती है।

अर्धमत्स्येन्द्रासन करते समय बरतें ये सावधानियां :–

- ✓ गर्भावस्था और मासिक धर्म के दौरान नहीं करना चाहिए।
- ✓ जिनके दिल, पेट या मस्तिष्क का ऑपरेशन हुआ हो उन्हे इस आसन का अभ्यास नहीं करना चाहिए।
- ✓ अगर आपको रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट या समस्याएं हैं, तो आप यह आसन ना करें।
- ✓ अपने शरीर की क्षमता के अनुसार करें।

विश्राम

8 गहरी विश्राम तकनीक (डी.आर.टी.) :–



- शवासन (पीठ के बल लेटना) में लेट जाएं, आंखों को बंद कर लें। शुरू में गहरी सांस लेते हुए धीरे–धीरे सामान्य अवस्था में आएं।

- इसके बाद अपने मन व मस्तिष्क को शांत करे और दिमाग में चलने वाले सभी विचारों को भूल जाएं। इसके बाद आप अपने ध्यान को दाएं पैर व पंजे की ओर ले जाएं।
- इस जगह पर कुछ सेकेंड तक अपने ध्यान को केंद्रित करें।
- इसके पश्चात ऊपर की ओर आते हुए घुटनों व जांघों की ओर ध्यान ले जाएं। इस दौरान दाएं पैर को पूरी तरह से सचेत अवस्था में ध्यान करें। दाएं पैर के लिए अपनाई गई ध्यान प्रक्रिया को बाएं पैर के लिए भी अपनाएं।
- इसके बाद आप अपने शरीर के मध्य अंगों जैस– जननांग, पेट, नाभि व छाती की ओर ध्यान को ले जाएं।
- शरीर के मध्य भाग को पूरा करने के बाद आपको अपना ध्यान एक–एक कर दोनों हाथों की अंगुलियों, हथेलियों, कोहनियों, कंधों से होते हुए गर्दन, चेहरे व मस्तिष्क पर ले जाएँ।
- सभी अंगों पर ध्यान ले जाने के बाद गहरी सांस लें और शरीर में आती स्वस्थ तरंगों को महसूस करें।
- इसके बाद आप धीरे–धीरे बाहरी वातावरण की ओर ध्यान को ले जाएं।
- थोड़ी देर बाद आप दाहिनी तरफ करवट लेते हुए बाईं ओर की नासिका से सांस को बाहर छोड़े।
- इससे आपके शरीर का तापमान सामान्य अवस्था में आ जाएगा। कुछ देर बाद धीरे–धीरे उठकर बैठ जाएं और आंखों को खोलें।

गहरी विश्राम तकनीक (डी.आर.टी.) :–

अपना ध्यान पैरों की उंगलियों की तरफ ले जाएँ। धीरे से पैरों की उंगलियों को हिलाकर ढीला छोड़ दें। पूरे पंजे को एकदम ढीला छोड़ें। एड़ियों को एकदम ढीला छोड़ें। पिंडलियों की मांसपेशियों को एकदम ढीला छोड़ें। सांस लेते हुए घुटनों में खिंचाव दें और सांस छोड़ते हुए उन्हें ढीला छोड़ें। जंघाओ की मांसपेशियों को ढीला छोंड़े। सांस लेते हुए नितंब को अंदर की तरफ सिकोड़ें और सांस छोड़ते हुए उसे ढीला छोड़े। कूल्हे तथा कमर को एकदम शिथिल और ढीला छोंड़े। कमर से लेकर पैर के पंजे तक के सारे अंगों को ढीला छोड़ें। मन को शांत करें। शरीर के निचले भाग को और गहरा विश्राम देने के लिए 'अ' (अकार) का उच्चारण करेंगे। गहरी सांस लें। 'अ' (अकार) का उच्चारण करें। 'अ' (अकार) के उच्चारण से उत्पन्न कंपन को शरीर के निचले भाग में पैर के पंजे से लेकर कमर तक महसूस करें।

धीरे से अपना ध्यान पेट की तरफ लाएँ। पेट पर हो रहे हलचल को महसूस करें। सांस लेते हुए पेट को फुलाएँ और सांस छोड़ते हुए पेट के अंदर स्थित सारे अंगों तथा मांसपेशियों को एकदम ढीला छोड़ें। सांस लेते हुए सीने को फुलाएँ तथा सांस छोड़ते हुए सीने के सारे अंगों तथा मांस पेशियों को एकदम ढीला छोड़ें। धीरे से अपना ध्यान पीठ की तरफ ले जाएँ। पीठ के बीच में रीढ़ की हड्डी के अंदर सभी कोशिकाओं (Vertebra) के जोड़ों की बारी–बारी से एकदम शिथिल और ढीला छोड़ें। पीठ के निचले भाग को ढीला छोड़ें। पीठ के मध्य भाग को ढीला छोड़ें। कंधे और पीठ के ऊपरी भाग को ढीला छोड़ें। अपने ध्यान को हाथ की उंगलियों के सबसे ऊपरी बिंदुओं पर ले जाएँ। उंगलियों में बारी–बारी से गति देते हुए उसे ढीला छोड़ें। हाथ की उंगलियों तथा अंगूठों को ढीला छोंड़े। हथेलियों को ढीला छोंड़ें। कलाई के जोड़ों को ढीला छोंड़ें। भूजाओं के अग्र भाग को ढीला छोड़ें। भूजाओं के ऊपरी भाग को ढीला छोड़े। दोनों कंधो को ढीला छोड़ें। अपना ध्यान गर्दन की ओर ले जाएँ। सांस छोड़ते सिर को दाएँ तरफ घुमाएँ सांस लेते हुए सिर को मध्य में लाएँ सांस छोड़ते हुए बाएँ तरफ घुमाएँ। सांस लेते हुए सिर को मध्य में लाएँ। गर्दन की सभी मांसपेशियों को ढीला छोड़ें। शरीर का मध्य भाग कमर से लेकर गर्दन तक एकदम ढीला हो गया है। मन को शांत करें। 'उ' (उकार) का उच्चारण करें। लंबी और गहरी सांस लें। 'उ' (उकार) के उच्चारण से उत्पन्न कंपन को शरीर के मध्य भाग में महसूस करें। धीरे से अपना ध्यान शरीर के ऊपरी भाग में ले जाएँ। ठोड़ी को ढीला छोड़ें। निचले जबड़े को

ढीला छोड़े। ऊपरी जबड़े को ढीला छोड़ें। ऊपरी तालू निचले तालू ढीला छोड़ें। ऊपरी दांत तथा निचले दांत को ढीला छोड़ें। जीभ और गले को एकदम ढीला छोड़ें। धीरे से अपना ध्यान होठों पर ले जाये। होठों को ढीला छोड़ें। सांस लेते समय ठंडी हवा नासिकाओं के रास्ते शरीर में जाती हुई महसूस करें तथा सांस छोड़ते समय फेफड़े से निकली गर्म हवा नासिका से आती जाती सांसों की तरफ ध्यान दें। अपना पूरा ध्यान नासिका से आते जाते सांसो की तरफ दें। कुछ क्षण अपना ध्यान सांसों पर दें। नासिकाओं को एकदम ढीला छोड़ें। चेहरे की मांसपेशियों को ढीला छोड़ें। चेहरे पर एक हल्की सी मुस्कान लाते हुए चेहरे की मांसपेशियों में आए खिंचाव को महसूस करें उसे ढीला छोड़ें। आँखों को ढीला छोड़ें। आँख की पुतलियों को ढीला छोड़ें। पलकों को ढीला छोड़ें। कानों को ढीला छोड़ें। अपने ध्यान को सिर के ऊपरी भाग में ले जाएँ। सिर के पिछले भाग को ढीला छोड़ें। सिर के दाएँ और बाएँ दोनो कनपट्टियों को ढीला छोड़ें। सिर के ऊपरी भाग को ढीला छोड़ें। सिर के अंदर स्थिर सारे अंगों को एकदम ढीला छोड़ें।

अब 'म' (अकार) का उच्चारण शुरू करे। लंबी और गहरी सांस लें। 'म' (अकार) के उच्चारण से उत्पन्न कम्पन को पूरे सिर में महसूस करें। पूरे शरीर के सारे अंग एकदम ढीले हो गए हैं। 'ऊँ' का उच्चारण शुरू करें। लंबी और गहरी सांस लें। 'ऊँ' के ऊच्चारण से उत्पन कंपन को पूरे शरीर में पैर के पंजे से लेकर सिर तक महसूस करें। धीरे से अपना ध्यान शरीर से बाहर की तरफ ले जाएँ। शवासन में लेटे हुए अपने शरीर को बाहर से देंखे। शरीर एकदम शिथिल और आरामदायक अवस्था में जमीन पर लेटा हुआ है। सुन्दर और अनंत नीले आकाश की अपने मन में कल्पना करें। आपका पूर ध्यान इस अनंत और नीले आकाश में विलीन हो रहा है। जहाँ अनंत नीले आकाश की भांति चारों तरफ शांति ही शांति परम शांति आनंद ही आनंद परम आनंद की अनुभूति हो रही है। इस स्थिति में चेतना की एकदम उच्चतम अवस्था का अनुभव करें। धीरे से अपना ध्यान शरीर में लाएँ और एक बार 'ऊँ' का ऊच्चारण शुरू करे, 'ऊँ' के ऊच्चारण से उत्पन्न कंपन को पूरे शरीर में पैर के पंजे से लेकर सिर तक महसूस करें। ऐसा महसूस करें कि इस कंपन द्वारा पैर के पंजे से लेकर सिर तक पूरे शरीर की मसाज हो रही है। मन को एकदम शांत अवस्था में अपने अंदर कोई भी एक सकारात्मक विचार लें। मन ही मन उसका संकल्प करें। जैसे–

"मैं स्वस्थ हूँ। मैं खुश हूँ"
"मैं स्वस्थ हूँ। मैं खुश हूँ"
"मैं स्वस्थ हूँ। मैं खुश हूँ"

इस संकल्प को मन ही मन पूरे विश्वास के साथ नौ बार दोहराएं। धीरे से अपने हाथों और पैरें की अंगुलियों को हिलांए। पूरे शरीर में हल्केपन को महसूस करें। पूरे शरीर में दिव्य ऊर्जा के प्रवाह का अनुभव करें। दोनों पैरों को पास में लाएँ । हाथ शरीर के बगल में लाएँ। दाएँ हाथ को जमीन से स्पर्श करता हुआ सिर से ऊपर ले जाएँ। बाएँ हाथ को पेट पर रखें। बाएँ पैर को घुटने से मोड़ते हुए दाएँ तरफ लेट जाएं। बाएँ हाथ को बाएँ जंघा के ऊपर रखें। बाएँ हाथ को सीने के सामने जमीन पर रखें। दोनों पैरों को घुटने से मोड़ते हुए दोनों हाथों का सहारा लेकर किसी भी ध्यानात्मक आसन में बैठे जाएँ। इस दौरान अपनी आँखों को बंद रखें। ऐसा महसूस करें कि हमारा मन एकदम शांत हो गया है। अपने मन में इस शांत अवस्था को कोई भी कार्य करते समय हमेशा बनाएं रखेंगे। ऐसा अपने मन में संकल्प करें।

प्राणायाम

9.1 योगिक/विभागीय सांस :-

(क) पेट का सांस (चिन मिद्रा) :–

- तर्जनी उंगली के अग्रभाग से अंगूठे के अग्रभाग को छूएं।
- बाकी की उंगलियों को सीधा रखें।
- चिन मुद्रा में हाथों को जांघों पर रखें एवं हथेलियों को ऊपर की ओर रखें तथा कोहनियों को आरामदायक अवस्था में रखें।
- धीरे–धीरे एवं नियमित सांस लेने पर पेट बाहर की ओर जायेगा।
- धीरे–धीरे एवं नियमित सांस छोड़ने पर पेट अंदर की ओर आयेगा।
- 3 बार इस सांस के अभ्यास को दोहराएं।

